प्रतिवेदन

विषयः— विभागीय कार्य सह कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर संबंधी 15 दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम।

कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन विभाग द्वारा दिनांक 14/02/2023 से 02/03/2023 तक शास.महिला आई.टी.आई. कोनी के स्टेनो के छात्राओं हेतु दो सप्ताह का ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया था।

इस प्रोग्राम के तहत छात्रों को विभिन्न साफ्टवेयर के माध्यम से विभागीय कार्य किये जाने तथा साफ्टवेयर एवं हार्डवेयर की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। छात्रों ने विशेष रूचि लेकर हार्डवेयर तथा साफ्टवेयर इन्सटालेशन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। छात्राओं को एसेंट टेक्नोलॉजी रायपुर के इंजीनियर के द्वारा हार्डवेयर का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक दिवस को निम्नानुसार सैद्धांतिक कक्षाएं भी आयोजित की गयी तथा अंतिम दिवस छात्राओं का प्रेजेन्टेशन भी रख गया था।

छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ ट्रेनिंग प्रोग्राम हेतु विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया। ट्रेनिंग प्रोग्राम का सफल संचालन विभागाध्यक्ष डॉ.एच.एस.होता के मार्गदर्शन में विभाग के शिक्षक श्री जीतेन्द्र कुमार के द्वारा संपादित किया गया। महिला आई.टी.आई. कोनी के श्री गौर जी इसके प्रभारी रहे। ट्रेनिंग के दौरान छात्राओं ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया और अंतिम में छात्राओं द्वारा अनुभव पत्र साझा किया गया।

ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान विभिन्न शिक्षकों द्वारा संबंधित विषयों पर व्याख्यान दिये गये-

S.No.	Date	Topic	Teacher name
1.	14/02/2023	Hardware & Software	Ascent Technology
2.	13/02/2023	Basic introduction of computer.	Mrs. Shriya Sahu
3.	15/02/2023	Basic of MS Word	Mr. Mukesh Sinha
4.	16/02/2023	Basic of MS Word	Mr. Mukesh Sinha
5.	17/02/2023	Basic of MS Excel	Mr. Kamal Kumar Gavel
6.	20/02/2023	Basic of MS PowerPoint	Mr. Kamal Kumar Gavel
7.	21/02/2023	Basic of MS Access	Ms. Ankita Jaiswal
8.	22/02/2023	Computer Hard. & Software Maintenance	Mr. Dileshwar Sahu
9.	23/02/2023	Operating system	Ms. Prerna Verma
10.	24/02/2023	Internet	Mr. J.K Gupta
11.	25/02/2023	Antivirus	Dr. Rashmi Gupta
12.	27/02/2023	Typing speed tricks	Ms. Ankita Jaiswal
13.	28/02/2023	Interactive board operative introduction	Ms. Prerna Verma
14.	01/03/2023	Useful Website information	Dr. H.S. Hota
15.	02/03/2023	Presentation	

प्रशिक्षणार्थियों का अनुभव

गरिमा उपाध्याय, ट्रेड—स्टेनो, शशास.महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी, बिलासपुर

प्रशिक्षण दौरान मैंने कम्प्यूटर तथा इंटरनेट के संबंध में विभिन्न जानकारियां प्राप्त की साथ ही कार्यालयीन कार्यो की जानकारी प्राप्त की। विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग में उपलब्ध सुविधाएं बहुत अच्छी है। इन्ट्रेक्टीव पैनल में काम करने का मेरा पहला अनुभव था। यहां के अनुभवी शिक्षकों से भी बहुत सारी जानकारियां प्राप्त हुई। विश्वविद्यालय द्वारा छात्रहित में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित कराये जा रहे है। जो छात्रों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है।

चांदनी साहू, ट्रेड–स्टेनो, शास.महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी, बिलासपुर

15 दिवसीय ट्रेनिंग के दौरान मुझे Computer Software, Hardware, Networking एवं उनका उपयोग, सुरक्षा के साथ ही साथ विभागीय कार्य के बारे में सीखने को मिला। मैं विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय, विभगाध्यक्ष डॉ.एच.एस.होता सर तथा ट्रेनिंग प्रोग्राम के संयोजक श्री जीतेन्द्र गुप्ता, कम्प्यूटर ऑपरेटर दिलेश्वर साहू सर और कम्प्यूटर साइंस विभाग के अन्य सभी शिक्षकों से विषय से संबंधित जानकारियां प्राप्त हुई। जो मेरे भविष्य के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

निधी तम्बोली, ट्रेड–स्टेनो, शास.महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी, बिलासपुर

सर्वप्रथम 15 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु मैं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के कम्प्यूटर साइंस विभाग को धन्यवाद देती हूं। विश्वविद्यालय के विभिन्न संसाधनों के माध्यम से हमें बहुत कुछ देखने व सीखने को मिला। विभाग के शिक्षकों से प्रेरणा मिली। मैंने कम्प्यूटर सांइस विभाग से कम्प्यूटर संचालित करने से लेकर विभागीय कार्यो के बारें में भी सीखा। वहां की सेन्ट्रल लाइब्रेरी बहुत ही सुव्यवस्थित है जहां शैक्षणिक के साथ–साथ धार्मिक पुस्तकें भी स्थापित है। यह सब देखने व जानने का सुअवसर पहली बार मिला।

प्रशिक्षण के दौरान गतिविधियों के फोटोग्राफ्स